हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 राज्योत्सव में पीएम मोदी के स्वागत की तैयारी ...



12 नारी शक्ति ने बाजे-गाजे के साथ निकाली कलशयात्रा





## खबर संक्षेप

### नपा परिषद ने रद्द की वाइन शॉप की एनओसी

**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद भाटापारा नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आपत्तियों तथा जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, नगर पालिका परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि पं. रविशंकर शुक्ल कॉम्प्लेक्स, दुकान क्रमांक 19 हेतु प्रिमियम वाइन शॉप के संचालन के लिए पूर्व में जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है। नगर पालिका परिषद भाटापारा सदैव नगर के नागरिकों की भावनाओं, नैतिक मूल्यों एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है।

### भाटापारा रेलवे स्टेशन में सघन जांच अभियान जारी



**भाटापारा।** रेल मण्डल के वरिष्ठ अधिकारीयों के निर्देश पर दोपहर से लेकर रात तक रेल्वे प्लेटफार्म मे सघन जांच पडताल अभियान चलाया जा रहा है जिसमे ट्रेन मे चढने उतरने वाले यात्रियों की सुरक्षा को भी देखा जा रहा है ज्ञात हो कि छठ पूजा सहित त्योहारी सीजन होने के चलते ट्रेनो मे अत्यधिक भीड भाड की स्थिति बनी हुई है इसी के मद्देनजर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संतोष शुक्ला के मार्गदर्शन मे उनके विभागीय अमले के द्वारा यात्री ट्रेनो की सतत निगरानी कर रहे है। शुक्ला ने बताया रेल्वे प्लेटफार्म मे बिना किसी काम के घूमने व बैठने वालो पर भी सख्ती बरती जा रही है वही असमाजिक व संदिग्ध गतिविधि करने वालो पर भी नजर रखी जा रही जिसमे यात्रियों के सामानो की उठाईगिरी व चोरी को रोका जा सके व यात्री अपने सामान के साथ सुरक्षित यात्रा कर सके।

### भतीजे के साथ विवाद दीवार को गिराया

**महासमुंद।** दीवार बनाने को लेकर हुए विवाद के चलते एक युवक को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी पुष्पकांत प्रधान निवासी ग्राम तोषगांव ने बताया कि 24 अक्टूबर की दोपहर करीबन 2 बजे वह अपने घर के छत में ईंट से दीवार जुड़वा रहा था, तभी उसके चाचा विजय गोपाल प्रधान, चाची सौभागिनी प्रधान व उनके बेटे दिलेशकांत प्रधान एवं प्रवेशकांत प्रधान के द्वारा एक राय होकर यह जगह हमारी है कहते हुए दीवार को लात मारकर गिरा दिया गया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

## सरदार पटेल की जयंती पर देशभर में निकलेगी पदयात्रा

भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने "सरदार @150 यूनिटी मार्च" विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में "एकता यात्रा" का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता और लोकतंत्र की नींव को मजबूत किया। आज का अखंड भारत उनकी दूरदृष्टि और राष्ट्रनिष्ठा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हम सबको उनके आदर्शों का अनुकरण करते हुए "भारत माता के वैभव" को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लेना चाहिए।



### तीन चरणों में संपन्न होगा अभियान : शिवरतन शर्मा

वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने यूनिटी मार्च की रूपरेखा बताते हुए कहा कि यह अभियान तीन चरणों में संपन्न होगा। पहला चरण 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलेगा, जिसमें लोकसभा स्तर पर 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्रा आयोजित की जाएगी। दूसरा चरण रोड यात्रा के रूप में होगा, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से पांच-पांच युवा प्रतिनिधि चार प्रमुख केंद्रों से सरदार पटेल के जन्मस्थान करमसद (गुजरात) पहुंचेंगे। तीसरा चरण राष्ट्रीय स्तर पर करमसद से केवड़िया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 150 किमी की यात्रा के रूप में संपन्न होगा।

### ये रहे उपस्थित

प्रेसवार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, विजय केसरवानी, सुनीता वर्मा, नीलम सोनी, मणीकांत मिश्रा, आयुष शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**हादसा :** तीन दुकानों में सबसे ज्यादा नुकसान, शार्ट सर्किट के कारण लगी आग

# भाटापारा की नई थोक सब्जी मंडी में लगी भीषण आग, लाखों की सब्जियां खाक

## फायर ब्रिगेड की तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सोमवार की सुबह लगभग 9 से 10 बजे की बीच सुरखी रोड स्थित नई थोक सब्जी मण्डी मे भीषण आग लग जाने लाखो रूपये का नुकसान इस आग लगने की घटना से हुआ मिली जानकारी के अनुसार थोक सब्जी मण्डी बडे बडे वाहनो मे भरकर सब्जियों की नीलामी खरीदी बिक्री का काम चल रहा था की अचानक धुंआ और आग की लपटे उठता देख सब्जियों के व्यापारी हडबडा गये और तत्काल इसकी सूचना ग्रामीण थाना पुलिस को दी वहीं नगरपालिका के फायर वाहन को भी तत्काल बुलाया गया और आग बुझाने का काम शुरू किया गया।

आग इतनी भीषण थी की एक सीमेंट संयत्र से भी फायर वाहन को बुलाया गया, आग शार्ट सर्किट होने की वजह से लगी ऐसा बताया जा रहा है। इस भीषण अग्निकांड मे सब्जियों के कैरेट सहित अन्य सामान जलकर राख हो गये घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, नपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सहित तहसीलदार यशवंत सिंह पुलिस विभाग से ग्रामीण थाना टीआई लखेश केंवट, शहर थाना टीआई प्रवीण मिंज सहित पुलिस विभाग का अमला मौजूद रहा।





### माल का हुआ नुकसान, नहीं हुई कोई जनहानि

थोक सब्जी मण्डी मे 20 से अधिक थोक सब्जी की दुकाने है ,आग आज सुबह 9:30 बजे सब्जी मण्डी के बीच की दुकान गोविंद पटेल, पप्पन भागवनी एवं कमल केसरवानी की दुकानों मे रखे सब्जी भरे व खाली कैरेट जो कि हजारो की संख्या मे रखे हुए थे जो जलकर पूरी तरह खाक हो गये इन्ही तीनो दुकानों को ज्यादा क्षति हुई दुकान के शेड व अन्य सामान कुर्सी टेबल एसी पंखा व दुकान मे रखे। अन्य सामान जलकर खाक हो गये वहीं इनसे लगी अन्य कुछ दुकानो मे भी आग की लपटो से नुकसान पहुंचा है लगभग तीन घंटे की भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया वही घटना स्थल पर बडी संख्या मे लोग पहुंच गये थे वहीं दुकानदार अपने सामानो सुरक्षित निकालने के प्रयास मे लगे हुए थे वहीं फायर वाहन से जल्दी आग पर काबू करनै के लिए हर संभव प्रयास मे जुटे हुए थे।

# पत्नी हत्या पर दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

आपसी वाद - विवाद कर अपनी पत्नी का गला दबा कर हत्या करने वाले आरोपी पति प्रभुलाल जायसवाल निवासी नेहरू वार्ड भाटापारा को धारा 302 भा. द. संहिता के आरोप में अपर सत्र न्यायालय भाटापारा के अतिरिक्त न्यायाधीश अशोक कुमार लाल ने आजीवन कारावास से दंडित किया।

- भाटापारा न्यायालय का फैसला – हत्या के जुर्म में दोषी पर 10000 का अर्थदंड

अपर लोक अभियोजक भाटापारा कैलाश यादव ने इस प्रकरण के बारे मे बताया की घटना थाना भाटापारा शहर अंतर्गत नेहरू वार्ड की है, जहाँ दिनांक 27-11-2023 की रात्रि करीब 11.40 बजे आरोपी और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो रहा था जिसे देखकर मकान के ऊपरी हिस्से में रहने वाला उसका भाई डर गया और अपने परिवार सहित घर से बाहर निकल गया।

थोड़ी देर बाद आरोपी ने अपने भाई को फोन करके बताया कि तुम्हारी भाभी एवं उसके बीच हाथा पाई होने लगा जिससे वह उसकी भाभी का गला दोनों हाथ से जोर से दबा दिया जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी है, साँस नहीं चल रहा है। तब आरोपी का भाई घर के बैठक रूम मे जाकर देखा तो उसकी भाभी चित्त हालत मे गिरी मरी पड़ी थी। घर का किचन का समान, बर्तन आदि बिखरा पड़ा था।

### दोषी को अर्थदंड की भी सजा

आरोपी के भाई नरेश ने तत्काल थाना भाटापारा शहर में उपस्थित होकर घटना की सूचना दिये जाने पर मर्ग कायम कर थाना पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर पंचनामा, जप्ती, नक्शा, पीएम, साक्षियों के कथन लेखबद्ध करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर प्रकरण में संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के समक्ष उक्त प्रकरण में अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर अंतिम बहस मे अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने ऐसे कृत्य के लिए आरोपी को कठोर दंड देने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायालय भाटापारा के आतिरिक्त न्यायाधीश अशोक कुमार लाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए अभियुक्त प्रभुलाल जायसवाल को धारा 302 भा. द. संहिता के तहत आजीवन कारावास एवं 10,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव द्वारा एवं विवेचना तत्कालिक सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह द्वारा किया गया है।

# मंत्री टंकराम वर्मा ने की सूर्यदेव व छठी मैया की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लोक आस्था के महापर्व छठ का उल्लास सोमवार को जिले भर में श्रद्धा और परंपरागत आस्था के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में बलौदाबाजार के पिपरहा तालाब में आयोजित छठ पर्व के संध्या अर्घ्य कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। मंत्री वर्मा ने तालाब तट पर उपस्थित व्रती माताओं-बहनों के साथ श्रद्धापूर्वक भगवान सूर्यदेव और छठी मैइया की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि छठ पूजा सूर्य और छठी मैइया की उपासना का महापर्व है, जिसमें श्रद्धालु कठोर व्रत रखकर जलाशय के किनारे सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में सामूहिकता, पवित्रता और पारिवारिक एकता की भावना को भी सशक्त बनाता है।





# 3.51 लाख हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य स्थापना दिवस क़े अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना क़े हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्योत्सव स्थल, नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सांकेतिक रूप से 3.51 लाख हितग्राहियो का गृह प्रवेश कराया जाएगा, जिसमें 20115 हितग्राही बलौदाबाजार भाटापारा जिले क़े शामिल है।

- बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 20,115 हितग्राही होंगे शामिल

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत मार्च 2025 से अब तक राज्य में 3.51 लाख से अधिक पक्के आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिसमे से जिला बलौदाबाजार में 20115 आवासों का निर्माण पूर्ण कराया गया है। 1 नवंबर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण राज्य में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सभी नवनिर्मित घरों में रंगोली, साज सज्जा, दीप प्रज्वलित कर पारंपरिक रीति रिवाजों से गृह प्रवेश कराया जाएगा। इस अवसर पर हितग्राहियों को यथासंभव आभार पत्र खुशियों की चाबी या स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं समूह की दीदियों को जिम्मेदारी दी गई है।




## ढेकुना में सीसी, नाली एवं ग्राम हरिनभट्ठा में रंगमंच का विधायक ने किया भूमिपूजन

# सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास को दें प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने सिमगा ब्लॉक के ग्राम ढेकुना में विधायक निधि से महामाया मंदिर से मेन रोड तक बनाए जाने वाले सीसी रोड सह नाली निर्माण एवं ग्राम हरिनभट्ठा में सतनामी समाज के रंगमंच कार्य का भूमि पूजन किया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

भूमि पूजन के पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि ग्रामीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता है सड़क और नाली जैसी बुनियादी सुविधाएँ मिलने से गाँव की छवि ही नहीं बल्कि आम जन की दिनचर्या भी बेहतर होती है। परंतु आज सरकार की उदासीनता के कारण ग्रामीण विकास की रफ्तार थम सी गई है। जिस रफ्तार से काम जारी रहना चाहिए था वह रुक-रुक कर चल रहा है और जनता इसका खामियाजा भुगत रही है।



**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर सरपंच सती ईश्वर साहू, सरपंच जानकी रंजीत सोनवानी, कुबेर यदु, सत्यजीत शेंडे, गिरिजा टोंडे ,चंद्र प्रकाश टोंडे, हीरा साहू, दिनेश साहू, लोकनाथ साहू, कपूरदास नवरंगे, टीकाराम महिलांगे, रामानंद यादव, चंद्रशेखर सोनवानी, जगदीश्वर सोनवानी, राजकुमार गेंड्रे, कांति साहू, रजनी यादव, मोहनीस मारकंडेय, वृहस्पति साहू, दीपिका साहू, दुर्गा साहू, सरस्वती पाटले, नेम बाई साहू, खैमराम साहू, सविता साहू, अन्नपूर्णा बाई, विश्वास फिलिप, लता साहू, संतोष लहरे, नीलू दिवाकर, खेदिया साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे ।

### बिजली बिल के मुद्दे पर सरकार को घेरा

उन्होंने बढ़ते बिजली बिलों के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि बिजली बिलों में अनाप-शनाप बढ़ोतरी कर जनता की जेब पर सीधा वार किया जा रहा है। आम आदमी पहले से ही महंगाई से जूझ रहा है, ऊपर से बिजली बिल का बोझ देना अन्याय है। सरकार की यह नीति जनता विरोधी है और हम हर मंच पर इसका विरोध करेंगे। भूमिपूजन के पूर्व ग्रामीणों ने आतिशबाजी व फूल माला से विधायक साव का जोरदार स्वागत किया।

स्टाफ की आवश्यकता है
मैनेजर - 2 पद
अकाउंटेंट - 2 पद
नर्सिंग स्टाफ - 5 पद
रिसेप्शनिस्ट - 3 पद
PRO - 5 पद
प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. राबिया वसीम
डायरेक्टर व डेंटल सर्जन
आर्थोपेडिक्स एवं क्रिटिकल केयर
जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग
जनरल मेडिसिन विभाग एवं ICU
नोट: अनुभवी को प्राथमिकता एवं वेतन योग्यतानुसार
संपूर्ण दस्तावेज के साथ सम्पर्क करें
ओमकार
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर
छुईहा, भाटापारा रोड, बलौदा बाज़ार, जिला: बलौदाबाज़ार-भाटापारा (छ.ग.)
मो.: 9669861908, 7869611406

# 1 नवंबर से जनरल कोच में भीड़ होगी सामान्य, एक्सप्रेस में अब भी यात्रियों का रेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

दीपावली के बाद अब लोकल ट्रेनों में यात्री सामान्य हो चुके हैं, लेकिन एक्सप्रेस ट्रेनों में अभी भी भीड़ बनी हुई है। अनुमान है कि 1 नवंबर से यात्रियों की आवाजाही पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। शनिवार को रायपुर से डोंगरगढ़, रायगढ़, गोंदिया और बिलासपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों में सुबह से दोपहर तक भीड़ रही, लेकिन शाम तक यह भी घट गई। हालांकि छत्तीसगढ़, गोंडवाना, संपर्क क्रांति, समता और हावड़ा रूट की ट्रेनों के जनरल कोच में अब भी निर्धारित सीटों से ज्यादा यात्री सफर कर रहे हैं।

रायपुर स्टेशन से यात्रियों की आवाजाही दीपावली के समय एक लाख तक पहुंच गई थी, वह अब घटकर 70 से 80 हजार के बीच आ गई है। फिलहाल सबसे ज्यादा भीड़ उत्तरप्रदेश और बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में देखी जा रही है। इसके अलावा पर्व मनाकर लौट रहे यात्री बसों में भी नजर आए। रविवार को लौटने वाले यात्रियों की संख्या, जाने वालों की तुलना में अधिक रही।

### जनरल कोच खचाखच भरे

ट्रेनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है कि यात्रियों को दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है। जनरल कोच में तय सीमा से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। रविवार सुबह को डोंगरगढ़-बिलासपुर पैसेंजर यात्रियों से खचाखच भीड़ रही। इसके अलावा एक्सप्रेस ट्रेन के स्टेशन पर रुकते ही भीड़ दोगुनी हो गई। यात्री सीट तक पहुंचने के लिए एक तरह से जंग लड़ते नजर आए।

**यात्रियों की संख्या एक लाख से घटकर 70 से 80 हजार के बीच पहुंची**



### छोटी बसों में भी एडवांस में बुकिंग

आमतौर पर लंबी दूरी की बसों में ही एडवांस में बुकिंग होती है, लेकिन दीपावली से लौटने के लिए लोगों ने एक दिन पहले से ही अपनी सीट बुकिंग करा ली थी, ताकि बैठने के लिए सीट मिल सके। रायपुर से सरायपाली के बीच चलने वाली बस के संचालक ने बताया कि बस में जो पहले आता है, सीट उन्हें मिलती है, लेकिन कुछ लोग एक दिन पहले बस स्टैंड पहुंचकर सीट बुकिंग करा लेते हैं। दोपहर के समय बसों में खासी भीड़ रही।

### दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन में अतिरिक्त एसी कोच

*यात्रियों की बढ़ती मांग और दीपावली-छठ जैसे त्योहारों के चलते रेलवे प्रशासन ने दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 08760/08761) में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। यह सुविधा 26 अक्टूबर 2025 को दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन (08760) और 27 अक्टूबर 2025 को निजामुद्दीन से दुर्ग लौटने वाली ट्रेन (08761) में उपलब्ध रहेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस अतिरिक्त कोच की सुविधा से ज्यादा यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मिलेगा और सफर आसान व आरामदायक होगा।*

## खबर संक्षेप



### पुलिस के फुल फॉर्म के माध्यम से साइबर सुरक्षा के दिए निर्देश महत्वपूर्ण

**रायपुर।** पूरे देश में 1 से 31 अक्टूबर तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत 24 अक्टूबर को पॉवरग्रिड कर्मचारियों, उनके परिवारों और संविदा श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने साइबर अपराध की समस्याओं, उनसे बचाव के उपाय और सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत सतर्कता की अहमियत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पुलिस के फुल फॉर्म के माध्यम से साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिसमें पी-से अपना पासवर्ड कभी भी साझा न करें, ओ-से अपने वन टाइम पासवर्ड को सुरक्षित रखें और किसी के साथ साझा न करें, अनजानी या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।

### केसरी देवी नायक को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता एवं समाज सेवी अधिवक्ता भगवानू नायक की माता केसरी देवी नायक का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी समेत राजनीति और समाजसेवा से जुड़े सैकड़ों नेताओं और नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। श्रद्धांजलि देने वालों में महेश देवांगन, राजीव कुमार गांधी, आदि उपस्थित रहे। वरिष्ठ पत्रकार श्री जुल्फिकार, हरिबंधु नायक, जेसीसीजे नेता माखन ताम्रकर, जितेंद्र बंजारे, गौरव सिंह, आनंद तांडिया, मनमोहन कुमार, रघुचंद निहाल, नारायण बाघ, किशोर महानंद, बनमाली छुरा, जन्मेजय सोना, अधिवक्ता अंकुर दीप, अधिवक्ता कैलाश हरपाल, अधिवक्ता आनंद मुग्री, अधिवक्ता अर्जुन छुरा, इंजीनियर पियन छत्री, पूर्व पार्षद गोपाल सोना, पार्षद प्रकाश जगत सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में भूपेश और पायलट का नाम

**रायपुर।** एआईसीसी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सूची में छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम शामिल किया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट को भी बिहार चुनाव का स्टार प्रचार बनाया गया है। एआईसीसी ने 40 नाम जारी किए हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री के फेसबुक संचालक के खिलाफ एफआईआर

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फेसबुक पेज भूपेश है तो भरोसा है के संचालक के खिलाफ आपत्तिजनक जातिगत टिप्पणी करने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी प्रवीण साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री के फेसबुक संचालक ने अपने पेज पर 'कहां राजा भोज कहां गंगू तेली' पोस्ट कर सीधे तौर पर तेली समाज को गाली दी है।

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया अपराध

# राज्योत्सव के पूर्व छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ी, क्रांति सेना ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्योत्सव के पूर्व वीआईपी चौक स्थित क्रांति सेना द्वारा स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने को लेकर रविवार को बवाल हो गया। मौके पर पहुंचे क्रांति सेना के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। हंगामे को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल सहित 61 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। मौके पर भारी पुलिसबल तैनात करना पड़ा। एएससी, सीएसपी सहित पुलिस टीम मौके पर डटी रही। पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, मूर्ति तोड़े जाने की घटना शुक्रवार को हुई है।

छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने की जानकारी सोशल मीडिया में वायरल होते ही क्रांति सेना से जुड़े सदस्य मौके पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। हंगामे को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस फोर्स मौके के लिए रवाना की गई। हंगामा शांत नहीं होने पर पुलिस ने क्रांति सेना से जुड़े कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल परिसर ले जाकर छोड़ा। पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच में जुट गई है। मूर्ति तोड़ने वाले की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

**मुख्यमंत्री साय बोले- दोषी बख्शे नहीं जाएंगे**



### विक्षिप्त पर मूर्ति खंडित करने की आशंका

*घटना की जांच में जुटी पुलिस राम मंदिर तिराहे के पास ऑटो पार्क करने वाले ऑटो चालकों से पूछताछ की। ऑटो चालकों ने पुलिस को बताया कि छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति के आसपास एक विक्षिप्त टहलता रहता है। ऑटो चालकों ने विक्षिप्त द्वारा मूर्ति खंडित किए जाने की आशंका व्यक्त की है। जिस विक्षिप्त के खिलाफ मूर्ति खंडित करने की आशंका व्यक्त की जा रही है, वह पिछले दो दिनों से गायब है।*

### बड़ा सवाल- व्यस्त तिराहे पर किसी की नजर क्यों नहीं पड़ी ?

जिस स्थान पर मूर्ति स्थापित की गई थी, वह शहर के व्यस्त तिराहा है। राम मंदिर तिराहे पर दिन-रात लोगों की आवाजाही होती रहती है। इसके अलावा तिराहे के पास पुलिस की गश्त पाइंट लगती है। ऐसे में किसी के द्वारा मूर्ति खंडित करना कैसे संभव है? घटना शुक्रवार की है। बावजूद इसके जिम्मेदारों को मूर्ति खंडित होने की जानकारी नहीं मिलने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

*छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने की घटना की जानकारी मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना की निंदा की है। साथ ही कहा कि जिसने भी घटना को अंजाम दिया है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना में लिप्त किसी को बख्शा नहीं जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना की रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ दी गई। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को तोड़ा जाना जनता का अपमान है। हर एक छत्तीसगढ़िया बेहद गुस्से में है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है।*

### मूर्ति तोड़ने से सिर अलग हुआ

*राम मंदिर तिराहे के पास स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को स्थापित किया गया है। शरारती तत्व ने स्थापित मूर्ति तो दीवार से उखाड़कर तोड़ दिया है। तोड़फोड़ करने की वजह से मूर्ति का सिर अलग हो गया है।*

## सियासी पारा चढ़ा, कार्रवाई की मांग, कई संगठनों ने खोला मोर्चा

छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में तोड़फोड़ की घटना के बाद सियासी पारा गरम हो गया है। इस घटना के विरोध में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। वहीं कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, राज्य में संस्कृति और अस्मिता पर लगातार हमले हो रहे हैं। रविवार को राजधानी रायपुर सामाजिक संगठन सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस कृत्य ने पूरे छत्तीसगढ़ की आत्मा को झकझोर दिया है। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के नेता अमित बघेल ने कहा कि पुलिस इसे किसी मानसिक विक्षिप्त का कारनामा बता रही है, लेकिन छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति की स्थिति देखकर यह बात पूरी तरह गलत साबित होती है। मूर्ति की गर्दन तोड़ी गई है और जिस शिलालेख पर डॉ. नरेंद्र वर्मा का नाम लिखा है, केवल उसी हिस्से को खुरचा गया है। यह बताता है कि काम योजनाबद्ध तरीके से किया गया है।



### पूर्व सीएम भूपेश ने साय सरकार को घेरा

घटना को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राज्य की विष्णु देव साय सरकार को घेरा है। उन्होंने सुशासन पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना की रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ दी गई। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को तोड़ा जाना जनता का अपमान है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि हर एक छत्तीसगढ़िया बेहद गुस्से में है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। कहीं यह शासन-प्रशासन के कार्यक्रमों से छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीरों को हटाने वाली भाजपा सरकार की करतूत तो नहीं? भाजपा समझ ले कि अगर जनाक्रोश को अनदेखा किया तो इसका परिणाम भुगतना पड़ सकता है।

### चुप नहीं बैठेंगे

*इस घटना पर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नाग ने भावनात्मक शब्दों में कहा कि आज छत्तीसगढ़ की आत्मा को चोट पहुंचाई गई है। जिसने हमें जन्म दिया, उसकी मूर्ति तोड़ दी गई। जब तक न्याय नहीं मिलेगा और नई मूर्ति स्थापित नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और राज्योत्सव जैसे आयोजनों में भी विरोध जताया जाएगा।*

### कांग्रेस का साय सरकार पर हमला

*घटना को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को तोड़ना बेहद दुर्भाग्यजनक और निंदनीय है। राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद से लगातार छत्तीसगढ़ की संस्कृति, तीज-त्योहार और अस्मिता पर प्रहार हो रहे हैं। भाजपा आदतन संस्कृति विरोधी दल है। जब कांग्रेस सरकार ने यह मूर्ति लगाई थी, तब भी भाजपा ने इसका विरोध किया था। संभव है कि अब भी वही मानसिकता इस घटना के पीछे हो।*

## बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से पचपेड़ी नाका तक सड़क चौड़ीकरण, मिले 15 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कालीबाड़ी चौक के पास बिजली आफिस चौक बूढ़ापारा से पचपेड़ी नाका चौक तक फोरलेन सड़क का निर्माण 15 करोड़ में किया जाएगा। बिना किसी मुआवजे के मुख्य मार्ग की यह सड़क 80 फीट चौड़ी होगी। यहां सरकारी जमीन पर्याप्त है, इसलिए इसे गौरवपथ- 2.0 का स्वरूप दिया जाएगा। राज्य शासन ने रायपुर नगर निगम द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर 15 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। 2.3 किमी. लंबी इस सड़क के दोनों ओर पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ का निर्माण कराया जाएगा। महापौर मीनल चौबे की परिषद ने एमआईसी से इस प्रस्ताव को पहले ही पारित कर दिया है।

अब 29 अक्टूबर को होने वाली सामान्य सभा में इसे रखा जाएगा।

दरअसल बूढ़ापारा सीएसईबी चौक से पचपेड़ीनाका के बीच कालीबाड़ी स्कूल, जेआर दानी स्कूल और कॉलेज के अलावा, माधवराव सप्रे स्कूल का एरिया आता है। आसपास बड़ी संख्या प्राइवेट हॉस्टल के अलावा अनेक कोचिंग संस्थाएं संचालित हैं। इस कारण सड़क पर वाहनों के अलावा पैदल चलने वालों की संख्या भी अधिक है। 2.3 किमी. लंबी इस सड़क के करीब 1 किलोमीटर दायरे के दोनों ओर घनी बसाहट भी है। जहां से लोगों का आना-जाना इस मार्ग पर अक्सर होता है। इसलिए गौरवपथ-2.0 डिजाइन में फुटपाथ पर अधिक ध्यान दिया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े निगम के अधिकारियों ने बताया कि इसमें लो राइजिंग मकान, हाईराइजिंग व्यावसायिक परिसर, शैक्षणिक संस्थान, हॉस्पिटल, प्रशासनिक कार्यालय, कब्रिस्तान और धार्मिक संरचनाएं स्थित हैं, इसलिए इस सड़क को गौरवपथ-2 के रूप में विकसित करने में अनाधिकृत वेंडिग क्षेत्र, ट्रैफिक सिस्टम, पार्किंग की समस्या और पब्लिक टॉयलेट की कमी जैसी चुनौतियां सामने आ रही हैं। नगर निगम से पैनल्ड आर्किटेक्ट ने संबंधित एरिया का सर्वे करने के बाद ड्राइंग-डिजाइन तैयार कर नगर निगम को दे दी है।



## एयर शो-राज्योत्सव की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**रायपुर।** नवा रायपुर में 1 नवंबर से आयोजित राज्योत्सव के अवसर पर होने वाले एयर-शो एवं राज्योत्सव स्थल की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रविवार को अधिकारियों की बैठक ली। आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव डॉ. रवि मित्तल भी मौजूद थे।कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता तथा आपातकालीन प्रबंधन की तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि इस बार राज्योत्सव में आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधा और आकर्षक अनुभव मिले, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।



- कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

*एयर शो के लिए विशेष दर्शक दीर्घा : राज्योत्सव के अवसर पर आयोजित एयर-शो के लिए विशेष दर्शक दीर्घा, फायर एवं मेडिकल टीम और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल स्थापित करने के कलेक्टर ने निर्देश दिए। इसके अलावा राज्योत्सव स्थल पर वीआईपी एवं मीडिया जोन, पार्किंग स्थल, मुख्य मंच, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बैकस्टेज व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य, सजावट, प्रकाश व्यवस्था और मंच की रूपरेखा का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि राज्योत्सव के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर नम्रता जैन, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।*

## नहीं थम रहा विवाद, मुख्य द्वार पर ही व्यापम ने लगा दिया नियमों का बैनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा भर्ती परीक्षाओं के लिए ड्रेस कोड संबंधित नियमों का निर्माण किए हुए कई माह बीत गए हैं। इसके बाद भी अभ्यर्थी नियमों से परिचित नहीं हैं और प्रत्येक परीक्षा में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। परेशान व्यापम अभ्यर्थियों के प्रवेशपत्र में समय संबंधित नियम मोटे अक्षरों में लिखने लगा है। इसके अलावा परीक्षा केंद्र बनाए गए कई स्कूलों के मुख्य द्वार में भी समय को लेकर स्पष्ट निर्देश देते हुए बैनर लगा दिए गए हैं। किसी भी परीक्षा में ऐसा संभवतः पहली बार हो रहा है, जब बैनर ही मुख्य द्वार पर लगाए जा रहे हैं।

रविवार को व्यापम द्वारा अनुरेखक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। जेएन पांडे स्कूल में निर्मित परीक्षा केंद्र सहित सेंटर में परीक्षार्थी अंतिम समय में पहुंचे। नियमतः उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। इसके बाद वे अपना प्रवेशपत्र लेकर मुख्य द्वार पर भी विरोध दर्ज कराने लगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे तय समय पर केंद्र पहुंच गए थे, जबकि परीक्षा केंद्र के अधिकारियों का मत है कि वे 10.30 के बाद सेंटर पहुंचे, तब तक केंद्र के मुख्य द्वार बंद किए जा चुके थे।



### राजधानी में 771 में से 490 ही पहुंचे

*व्यापम ने रविवार को अनुरेखक भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। इस भर्ती परीक्षा के लिए सिर्फ रायपुर और बिलासपुर में ही केंद्र बनाए गए थे। प्रदेशभर से 1250 आवेदन ही व्यापम को मिले। इनमें से 771 ने रायपुर में पंजीयन कराया था। 771 में से सिर्फ 490 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। दोनों शहरों के केंद्र मिलाकर उपस्थिति के आंकड़े 64.50% रहे। परीक्षा संबंधित गोपनीय सामग्री सुबह 9 बजे जिला कोषालय कलेक्ट्रेट रायपुर से वितरित की गई। परीक्षा के बाद गोपनीय सामग्री समन्वयक केंद्र विज्ञान महाविद्यालय से जिला कोषालय कलेक्ट्रेट रायपुर में दोपहर 3:30 बजे जमा करवाया गया।*

*नीट की तर्ज पर कड़ाई : राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रवेश परीक्षा नीट में सर्वाधिक कड़ाई बरती जाती है। व्यापम भी इसकी तर्ज पर ही व्यवस्था कर रहा है। हल्के रंग के कपड़े पहनने से लेकर स्लीव की लंबाई भी तय कर दी गई है। कपड़ों के रंग और लंबाई को लेकर शुरुआती परीक्षाओं में अधिक विवाद हुए थे। अब अपेक्षाकृत मामले कम हो गए हैं, लेकिन समय को लेकर किचकिच कम नहीं हो रही है।*

## नगर निगम जारी करेगा 100 करोड़ के म्यूनिसिपल बांड, शासन से मिली मंजूरी

- राज्य शासन ने शर्तों के साथ दी अनुमति
- मुनाफा-घाटे की जिम्मेदारी नगर निगम की
- शंकर नगर में 60 करोड़ के फाइनेंशियल हब का प्रस्ताव बांड में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर नगर निगम अब 100 करोड़ की म्यूनिसिपल बांड पॉलिसी लेकर आएगा। राज्य शासन ने शर्तों के साथ 100 करोड़ के म्यूनिसिपल बांड की योजना को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत निगम की परियोजना में छोटे और बड़े निवेशक अपना पैसा लगा सकेंगे। निवेशकों को इस प्रणाली के तहत डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए बांड खरीदने की सुविधा मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक, इसके लिए नगर निगम एक पोर्टल भी तैयार करेगा, जिसमें निवेश की राशि, ब्याज दर और रिटर्न की जानकारी निवेशकों को हो सकेगी। रायपुर नगर निगम ने राज्य शासन को भेजे अपने प्रस्ताव में निगम बांड के लिए क्रिस्टल आर्किड शंकर नगर में 60 करोड़ की लागत से फाइनेंशियल हब का निर्माण संबंधी प्रस्ताव दिया था। इसके अलावा डूमरतराई मेंबहुमंजिला इलेक्ट्रॉनिक मार्केट का प्रस्ताव शामिल रहा। इंदौर, गाजियाबाद की तर्ज पर अब रायपुर नगर निगम शहर विकास के लिए बांड बेचकर फंड जुटाएगा, ताकि नगर निगम अपने स्तर पर वित्तीय संसाधन बढ़ा सके और राज्य सरकार पर निर्भरता घटे। इस व्यवस्था से नगर निगम के अधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट जल आपूर्ति, सड़क और ग्रीन जोन जैसे प्रोजेक्ट के लिए सीधे जनता से फंड जुटाया जा सकता है। विदित हो कि नगर निगम रायपुर ने शासन को बांड जारी करने प्रस्ताव भेजा था, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। शुरुआती चरण में 100 करोड़ रुपए के निगम बांड जारी किए जाएंगे। इसके तहत नगर निगम को एक निर्धारित ब्याज दर पर निवेशकों को रिटर्न देना होगा। पुणे, अहमदाबाद, इंदौर जैसे नगर निगमों में इसका सफल प्रयोग हो चुका है, जहां संबंधित निकाय के बांड जारी कर करोड़ों की राशि जुटाई गई।

**प्रोजेक्ट में लगेंगे बांड के पैसे**
नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि म्यूनिसिपल बांड से मिलने वाली पूंजी का उपयोग मुख्य रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर और नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए किया जाएगा। इसमें सोलर लाइटिंग, जल संरक्षण परियोजनाएं, कचरा प्रबंधन सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।



### केंद्र सरकार से 25 फीसदी सब्सिडी

100 करोड़ रुपए के म्यूनिसिपल बांड पॉलिसी के तहत नगर निगम को केंद्र सरकार सब्सिडी के तौर पर 25 फीसदी राशि प्रोत्साहन के रूप में देगी, यानी निगम को 25 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से मिलेंगे।

### राज्य शासन ने नहीं ली जिम्मेदारी इन शर्तों के अधीन अनुमति

*0 नगर निगम को सेबी और आरबीआई से नियम अनुसार मंजूरी भी लेनी होगी।*
*0 राज्य शासन की ओर से इस बांड योजना की कोई गारंटी नहीं दी जाएगी।*
*0 बांड से संबंधित देनदारियां नगर निगम रायपुर की होंगी, इसमें राज्य शासन द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वायबिलिटी गैप फंडिंग नहीं की जाएगी।*

## छत्तीसगढ़ महतारी की स्थापना एक नवंबर को करेंगे राज्य आंदोलनकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलनकारी संगठन, छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी और छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा ने मिलकर राज्य के 25 साल पूरे होने पर 26वां राज्योत्सव तीन सत्रों में मनाने का निर्णय लिया है। इन आयोजनों में प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों की प्रस्तुति और छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य प्रतिमा का अनावरण शामिल है। राज्योत्सव को लेकर रविवार को समिति की बैठक छत्तीसगढ़ी भवन, राज्य आंदोलनकारी स्थल हांडीपारा में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य आंदोलनकारी छसपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं रजत जयंती राज्योत्सव के प्रभारी अनिल दुबे ने संपूर्ण कार्ययोजना को क्रियान्वित करने के लिए मीडिया प्रभारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी, भोजन व्यवस्था प्रभारी, रैली प्रभारी, वाहन प्रभारी का गठन किया। साथ ही राज्योत्सव 3 सत्र में करने का निर्णय लिया गया। 1 नवंबर को राज्य आंदोलनकारी स्थल छत्तीसगढ़ी भवन के मुख्य द्वार पर छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य प्रतिमा का अनावरण शाम 4 बजे प्रमुख राज्य आंदोलनकारियों के अतिथि अतिथियों में होगा। बैठक में अनिल दुबे, दाऊ जीपी चंद्राकर, जागेश्वर प्रसाद, दीनदयाल वर्मा, लालाराम वर्मा, वेगेंद्र सोनवेर, विमल ताम्रकार आदि उपस्थित थे। बृजबिहारी साहू, योगेश पात्रे, अशोक कश्यप, नाथूराम सिन्हा, धर्मेंद्र यादव, शिव ताम्रकार, अशोक यादव, राधा बाई सिन्हा, रितु महंत, श्याम बाई ध्रुव प्रमुख रूप से

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज का आंवला नवमी 30 को, सम्मानित होंगे समाज के प्रतिभावान

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 30 अक्टूबर गुरुवार को समाजिक भवन में आंवला नवमी मनाया जाएगा। इस पावन पर्व पर विद्वान पुरोहितों द्वारा कार्तिक मास की महत्ता को उधृत करते हुए पूजन पश्चात समाज के धरोहर वृद्धजनों, प्रतिभावान विद्यार्थियों व खेल या अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। महिलाओं व बच्चों द्वारा विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति एवं समाजिक चर्चा पश्चात आंवला नीचे सामूहिक भोज किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने सभी विप्रजनों को कार्यक्रम में उपस्थित रहकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### महाहुंकार रैली आज

**पुरी।** सहकारी कर्मचारियों की महाहुंकार रैली 28 अक्टूबर को धमतरी के गांधी मैदान में सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 2 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह कुर्रा में जय मां बमलेश्वरी सेवा समिति, मानव सेवा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 2 नवंबर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन साहू समाज भवन में किया गया है। यह जानकारी सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव ने दी है।

### खिसोरा में शिव महापुराण कथा 3 से

**मगरलोड।** ग्राम खिसोरा में 3 से 10 नवंबर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र पंडित राघव मिश्रा सीहोर होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजक परिवार सुमित्रा, जागेश्वर साहू, देविका, हरिश्वर साहू, युवराज साहू, योगराज साहू समेत ग्रामवासी हुए हैं।

# ठुमसा में जोत से जोत जलाते चलो, को लेकर हुआ दीपावली मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बोडरा के आश्रित ग्राम ठुमसा में दीपावली मिलन समारोह 2025 विषय जोत से जोत जलाते चलो कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। हेमलता राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के जीवन में नया प्रकाश लाना और समाज से नशा, हिंसा जैसे अपराध पर रोक लगाने समुदाय के बीच जाकर उसके दुष्परिणामों पर जानकारी देकर ज्ञान रुपी जोत घर घर जलाने का संकल्प लेना। कार्यक्रम का संचालन युवा शक्ति मुकेश प्रजापति ने किया।

सर्वप्रथम भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की गई। फिर ग्राम प्रमुख पोखराज प्रजापति द्वारा सभी का नारियल गुलाल से स्वागत किया गया। उपस्थित सदस्यों का स्वागत परिचय कर कार्यक्रम हुआ। पोखराज प्रजापति द्वारा स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि आपसी तालमेल भाईचारा आपसी प्रेम सौहार्द्र का पर्व दीपावली है, इसलिये हमें इसे मिलजुलकर मनाना चाहिए और सभी को बधाई देकर संकल्पित होना चाहिए। कार्यक्रम में दूसरे वक्ता के रुप में ग्राम पंचायत जोगीडीपा के सरपंच सिया नंदे ने गांवों में महिलाओं और युवाओं को आगे आने का आव्हान किया। ग्राम पंचायत बोडरा के उपसरपंच राजू ध्रुव ने अपने गांव के समुदाय को आगे आकर पंचायत और गांव को अपने






चिन्हारी जैसे दीपावली त्यौहार को पारंपरिक रुप से मनाने का आव्हान किया। ग्राम पंचायत बोडरा सरपंच नूतन चंद नायक द्वारा आयोजन समिति के प्रयास और युवाओं की भागीदारी उत्साह और संकल्प इच्छा शक्ति की प्रशंसा की। दीपावली की जोत से जोत जलाओ संकल्प में सभी ग्राम पंचायत के लोगों को अपने गांव को नशामुक्ति और सार्वजनिक उपयोग के स्थान और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य टी. ज्योति दुर्गाराव द्वारा उपभोक्ता के अधिकार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और आयोग तक अपनी समस्या पहुंचाने की बात कही गई।

कार्यक्रम में युवाओं एवं स्कूली बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम सुआ, राऊत नाचा एवं अन्य छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य और गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने ग्राम विकास समिति, ग्राम महिला संगठन महिला समूह से तरुण निषाद, सेवकराम ध्रुव, पंचराम ध्रुव, नूतनचंद नायक, सोहद्रा ध्रुव, चोवा ध्रुव, मखयारिन सेन, बिराजो ध्रुव, मोतिम विश्वकर्मा, कुमारी साहू, भारती ध्रुव, अर्चना राजपूत, निर्मला ध्रुव, रुखमणी निषाद, उर्मिला साहू, दयाबाई साहू, पुन्नी राजपूत, तिलकराम साहू, गजानंद यादव, देवनाथ निषाद, कन्हैया निषाद आदि का सहयोग रहा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं से रायपुर में ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वान

# राज्योत्सव में पीएम मोदी के स्वागत की तैयारी को लेकर हुई भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार की आवश्यक बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ राज्योत्सव समारोह में रायपुर आगमन के स्वागत एवं संगठनात्मक विषयों पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि 1 नवंबर हमारे राज्य के लिए स्वर्णिम दिन है, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया था। उन्होंने कहा कि राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रायपुर आगमन ऐतिहासिक




अवसर होगा, जिसमें बलौदाबाजार जिले से अभूतपूर्व संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं से राज्योत्सव में हर्ष और उत्साह के साथ भागीदारी करने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रधानमंत्री के उद्बोधन से प्रेरणा लेकर संगठन को और मजबूत किया जा सके।

जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव ने स्वागत भाषण में कहा कि जिले से लक्ष्य से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी होगी। बैठक में पार्टी परिवार के दिवंगत सदस्यों को मौन श्रद्धांजलि दी गई। **ये रहे उपस्थितः** बैठक का संचालन जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने किया तथा आभार विजय यादव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. अजय राव, टेसूलाल धुरंधर, जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल, भाटापारा न. पा . अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, बलौदाबाजार न. पा. अध्यक्ष अशोक जैन, राकेश तिवारी, केजूराम बघेल, सुनील यदु, नंद वर्मा, सुनीता वर्मा, मेला राम साहू, सुशीला वर्मा, शिव कटारिया, पुरुषोत्तम साहू, दिनेश साहू, चित्तावर जायसवाल, कृष्ण कुमार पटेल, राजकुमार जायसवाल, संतोष कश्यप, महाबल बघेल, देवक साहू नंद किशोर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पलारी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ धीवर समाज लवनराज पलारी द्वारा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन 29 अक्टूबर को महर्षि वेदव्यास भवन पलारी में होगा जिसमे बी पी, सुगर, दांत एवं आंख की निःशुल्क जाँच किया जायेगा । इस कार्य को सफल बनाने हेतु कार्यकारिणी सदस्यों का आवश्यक बैठक रखा गया जिसमे शिविर की रुपरेखा तैयार कर सभी को दायित्व दिया गया । अध्यक्ष मोतीराम फेकर ने अपील किया है कि अधिक से अधिक लोग शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करे । इस बैठक में सचिव दिनेश धीवर ,कोषाध्यक्ष काशीराम ढीमर, संरक्षक जागेश्वर फेकर, उपाध्यक्ष विष्णु फेकर, संगठन मंत्री दिनेश फेकर, कर्मचारी अध्यक्ष हेमकुमार फेकर, युवा अध्यक्ष रामभरोस फेकर, साहित्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष कृष्णकुमार फेकर उपस्थित रहे । यह जानकारी अध्यक्ष मोतीराम फेकर ने दिया है।

### भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश सचिव बने मेश्राम

**महासमुंद।** भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश की बैठक रायपुर में हुई। जिसमें प्रदेश इकाई का गठन किया गया। उपरांत भारतीय बौद्ध महासभा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े द्वारा महासमुंद निवासी बीपी मेश्राम को भारतीय बौद्ध महासभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदू पाटिल द्वारा विधिवत शपथ दिलाई गई। बता दें कि बीपी मेश्राम सामाजिक विभिन्न संगठनों में हमेशा सहभागी होते है और पूर्व अधिवक्ता रहकर आज शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे है। वे सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश विधिक सलाहकार भी है।

### बनपचरी में मृतक के परिजनों से भाजपाइयों ने की मुलाकात, न्याय दिलाने का दिया आश्वासन

**महासमुंद।** झलप क्षेत्र के ग्राम बनपचरी के युवक शत्रुघन खड़िया ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली। कुल मिलाकर यह दर्शाता है कि पटेवा थाना की लापरवाही के कारण मृतक शत्रुघन ने आत्महत्या की। जिस प्रकार से ईंट भट्ठा के दलालों का जाल फैल रहा है, ईंट भट्ठा ले जाने वाले जो अवैधानिक दलाल हैं उनको पूरा प्रश्रय पटेवा थाने के पुलिस प्रशासन से मिला हुआ है। जिसके कारण



इस प्रकार की घटनाएं हो रही है और एक भरे.पूरे परिवार के गरीब आदमी को आत्महत्या करनी पड़ी, जो कि बड़ा दुखद है। पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा और भाजपा पटेवा पूर्व मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, डॉ सोमनाथ सिन्हा, संतोष ध्रुव, अलेख ध्रुव, शोभाराम कुंभकार, भानु यादव समेत भाजपा नेताओं ने युवक के घर जाकर मृतक शत्रुघन के पिता राजाराम खड़िया सहित पूरे परिवार से मिल कर सांत्वना प्रदर्शित की और कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का प्रयास गृह मंत्री से मिलकर किया जाएगा। शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल गृह मंत्री से मिलकर के मांग करेगा कि पटेवा टीआई को तत्काल निलंबित कर प्रकरणों की जांच कर बर्खास्त भी किया जाए। जिन प्रकरणों में घूस लेने की बात आई है उसके लिए निलंबित या विभागीय जांच की बजाय एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जाए।.

# राष्ट्र और संस्कृति को उत्कर्ष पर ले जाने में पर्वोत्सवों का विशिष्ट योगदानः अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा आभासी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विशिष्ट अतिथ के रूप में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल आमंत्रित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम वाजपेयी इंदौर ने की। मुख्य वक्ता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के हिंदी विभागाध्यक्ष एवं कुलानुशासक प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि नागरी डॉ हरिसिंह पाल, लिपि परिषद नई दिल्ली के महामंत्री सुरेशचंद्र शुक्ल, शरद आलोक, ओस्लो नार्वे के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ प्रभु चौधरी, डॉ जितेंद्र कुमार तिवारी मुंबई, डॉ रश्मि चौबे गाजियाबाद उपस्थित थे।

प्राचार्य डॉ अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि कहा कि भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न पर्व उत्सव लोकजीवन को सार्थक दिशाबोध देते हैं। राष्ट्र और संस्कृति को उत्कर्ष पर ले जाने के लिए इनका विशिष्ट योगदान है। भारत के पर्व-उत्सव 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' के सशक्त संदेश है। ये हमारी आंतरिक प्राणवत्ता में लगातार अभिवृद्धि करते हैं। हमें जीवन को उत्साह पूर्ण जीने की प्रेरणा देते हैं। इन पर्वों के जरिए हम पौराणिक आख्यानों, समृद्ध अतीत और विरासत से आज की युवा पीढ़ी को रूबरू कराते हैं। और यही हमारा कर्तव्य भी है। क्योंकि आगे चलकर इस युवा पीढ़ी को ही भारत की समृद्धि में श्री वृद्धि करना है। मुख्य वक्ता प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय पर्वोत्सव दुनिया में विलक्षण हैं। उनका इस देश की भूमि, भूगोल और खगोल से गहरा संबंध है। विविध पर्व और उत्सवों में पुराख्यान के साथ स्थानीय संस्कृति और लोककथाओं की गहरी छाप दिखाई देती है। अध्यक्षता कर रहे हरेराम वाजपेयी ने कहा कि व्रत, पर्वोत्सवों ने देश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ एकता को मजबूती देने में अविस्मरणीय भूमिका निभाई है। नागरी लिपि परिषद के महामंत्री डॉ हरिसिंह पाल ने कहा कि दीपावली पर्व बाहर के साथ अंदर की शुद्धि और पवित्रता का पर्व है। उत्सव और पर्वों को सभी को मिल जुलकर मनाना चाहिए, तभी उनकी सार्थकता है।



सुरेश चंद्र शुक्ल ने कहा कि दीपावली सहित विभिन्न पर्व उत्सव हमारे कृषि जीवन से जुड़े हुए हैं। विविध फसलों से प्राप्त सामग्री को आस्था के साथ देवताओं को अर्पित किया जाता है। डॉ जितेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। भारतीय परंपरा में निरन्तर परिवर्तित होने वाले जीवन चक्र को महिमा मिली है।

भरथरी की कथा और काव्य इसी बात को प्रतिबिंबित करते हैं। स्वागत भाषण डॉ प्रभु चौधरी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री उज्जैन ने दिया। लोक गायक सुंदरलाल मालवीय ने कविवर डॉ शिवमंगल सिंह सुमन के गीत की प्रस्तुति दी। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ हरीशकुमार सिंह, मेरुप्रभा मिश्रा, डॉ श्वेता पंड्या आदि सहित देश-विदेश के अनेक साहित्यकार, संस्कृति कर्मी और शिक्षाविदों सम्मिलित थे। वाग्देवी वंदना और संचालन श्वेता मिश्रा बेंगलुरु एवं आभार प्रदर्शन डॉ रश्मि चौबे गाजियाबाद ने किया।

# खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए खेल में हार कोई मायने नहीं रखतीः तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, खेल में हार कोई मायने नहीं रखती, हारने वाली टीम भी जीतने वाली टीम के बराबर की ही मानी जाती है। विजेता टीम के मुकाबले हारने वाली टीम को और अधिक प्रयास करने चाहिए। ताकि अगले मुकाबले में विजय हासिल कर सके। उक्त विचार भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू के है। ग्राम लहंगर में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का कार्यक्रम में तुषार साहू शामिल हुए।

इस प्रतियोगिता में सेनकपाट, गुरुडीह, सिरपुर, ख़मतराई आदि 21 गांवों की टीमों ने भाग लिया। तुषार साहू ने खिलाड़ियों को



संबोधित करते हुए कहा कि वे खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी ध्यान दें और खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में विशेष ध्यान देते हुए अव्वल स्थान प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे नशे प्रवृति से दूर रहे, नशा शरीर को खोखला कर देता है तथा समाज को भी खोखला कर देता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे नशे की प्रवृति से दूर रहे और अन्य खिलाड़ियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव-गांव में खेल स्टेडियम, व्यायाम शालाएं व अन्य खेलों का सामान खिलाड़ियों को उपलब्ध करवा रही है। प्रदेश सरकार की अच्छी खेल नीति के परिणाम स्वरुप ही प्रदेश के खिलाड़ियों ने ओलंपिक व अन्य विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में जीत हासिल कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की बेटियां भी खेलों में नाम कमाया है तथा समाज में अच्छा मुकाम हासिल किया है, बेटियां भी देश के लिए खेलों में मेडल जीत रही है।

इस अवसर पर विजेता टीमों के खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राधेश्याम सिन्हा, संतोष, सुरेश, महेश, उमेश, शेखर, सहित ग्राम पंचायत के सदस्य व विभिन्न गांवों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

## कबड्डी स्वस्थ मनोरंजन का बेहतर साधन : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी क्षेत्र के ग्राम खुटेरी (तुसदा) में आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने ग्राम के देवी-देवताओं, बजरंग बली की पूजा-अर्चना कर सभी की खुशहाली की कामना की। श्री साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों, पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने नपाध्यक्ष का श्रीफल भेंटकर व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में महासमुंद पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि कबड्डी ही ऐसा खेल है। जिसमें मन, मस्तिष्क व शरीर स्वस्थ रहता है। ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को कबड्डी के माध्यम से उभरकर सामने आने का अवसर



प्राप्त होता है। युवा समिति की पहल सराहनीय है, सभी ने अपने बड़ों का मार्गदर्शन प्राप्त कर गांव में यह बेहतर आयोजन किया। स्पर्धा के माध्यम से गांव के युवाओं को एक पहचान मिलती है। क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों से कबड्डी टीम के युवा खिलाड़ी भाग लेने पहुँचे हैं। इनके माध्यम से खुटेरी गांव की एक सकारात्मक छवि सामने आई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कबड्डी अत्यंत लोकप्रिय खेल है। एक एक बेहतर स्वस्थ मनोरंजन का साधन है। उन्होंने आयोजन के लिए समिति सदस्यों, ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों व सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### विधायक ने जिला अस्पताल में किया नवजात शिशुओं के लिए किट का वितरण

**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सोमवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए किट वितरण किया। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता संदीप घोष, अजय चोपड़ा, राजेंद्र चंद्राकर, चुनेश्वरी साहू, चंद्रशेखर बेलदार, दिनेश रूपरेला, शरद राव, धीरज सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
24 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
थामा
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### बहरीन एशियन यूथ गेम्स में बतौर जूडो निर्णायक अरुण आमंत्रित



**रायपुर।** ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया द्वारा बहरीन में आयोजित एशियन यूथ गेम्स में भारत के छत्तीसगढ़ प्रदेश से प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी को जूडो खेल के लिए इंटरनेशनल तकनीकी अधिकारी के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी देते हुए छग प्रदेश जूडो संघ के सचिव शंभू सोनी एवं संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि एशियन यूथ गेम्स में जूडो प्रतियोगिता 27 से 31 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जिसमें राज्य के अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अरुण द्विवेदी अपनी निर्णायक प्रतिभा से भारत एवं छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करेंगे।

### लूट के दो मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने लूट की दो अलग-अलग मामलों में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक बदमाश फरार है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से मोबाइल फोन, ब्रेसलेट, घड़ी और बैग बरामद किया है। लूट के आरोप में पुलिस ने योगेंद्र चौहान उर्फ योगी, अमित बंजारे उर्फ लल्ला तथा आर्यन नाग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश पूर्व में भी लूट, मारपीट तथा अन्य मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार, लूट के आरोप में जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, उन्होंने 25 अक्टूबर को मध्यप्रदेश, राजगढ़ निवासी पेशे से ट्रक ड्राइवर महेश लोधी के साथ लूटपाट की थी।

## निधन

### आनंद वर्मा



**खरोरा।** गनियारी निवासी आनंद वर्मा का गत दिवस को स्वर्गवास हो गया।दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परिजनों ने समस्त इष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने की है। शोकाकुल परिवार में माता तिजिया बाई वर्मा, पत्नी श्रद्धा वर्मा, पुत्र प्रीतम वर्मा, रूपेश वर्मा, रवि वर्मा, शुभम वर्मा सहित अन्य परिजन सम्मिलित हैं।


### कामदेव यादव



**खरोरा।** ग्राम गितकेरा निवासी कामदेव यादव का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। श्रद्धांजलि सभा में ग्राम के गणमान्य नागरिकों सहित आसपास के अनेक लोग उपस्थित होकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय कामदेव यादव के परिवार में उनकी पत्नी तीजन बाई यादव, पुत्र मोहित व दीनदयाल, तथा भाई बहू अश्वनी एवं अंजली हैं।







## आयोजन : शिवरीनारायण व टुण्ड्रा की नवधा भक्ति के शुभारंभ में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास

# नारी शक्ति ने बाजे-गाजे के साथ निकाली कलशयात्रा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी**

एकदिवसीय प्रवास के दौरान महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने शाम 7:00 बजे संत बड़े महाराज के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित होकर मंडी प्रांगण शिवरीनारायण में नवधा भक्ति का शुभारंभ किया। रात्रि 8:30 बजे उनका आगमन नगर पंचायत टुण्ड्रा में हुआ यहां भी उन्होंने नवधा भक्ति का शुभारंभ फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके किया ग्राम वासियों के द्वारा बहुत ही आत्मियता पूर्वक स्वागत किया गया।

रात्रि 9:30 बजे वे ग्राम कुम्हारी पहुंचे तो यहां भी वे नवधा भक्ति के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने अनेक स्थानों पर श्रोता समूह को संबोधित करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्री रामचरितमानस में लिखा है कि बड़े भाग मानुष तनु पावा। सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा। अर्थात अत्यंत सौभाग्य से हम सभी को मनुष्य का तन प्राप्त हुआ है, इसके लिए देवता भी तरसते हैं। ऐसा शास्त्रों में, धर्म ग्रंथो में कहा गया है। जो जीवात्मा मनुष्य का शरीर प्राप्त कर भगवान का भजन नहीं करता उसे अंततः पछतावा ही मिलता है। इसलिए हमें भगवान का निरंतर चिंतन, सुमिरन और भजन करते ही रहना चाहिए।





### पिहरीद में की लोगों से की मुलाकात

शिवरीनारायण के कार्यक्रम में रामगोपाल दास जी महाराज ने संतन के संग लाग रे, तेरी अच्छी बनेगी को गाकर लोगों को सुनाया। श्रोताओं को निरंजन अग्रवाल ने भी संबोधित किया। राजेश्री महन्त जी महाराज अपने प्रवास के दौरान जिला शक्ति के मालखरौदा समीप स्थित ग्राम पिहरीद भी गए यहां उन्होंने अपने शुभचिंतकों के यहां भेंट मुलाकातें की। इन सभी कार्यक्रम में राजेश्री महन्त जी महाराज के साथ अग्रवाल जी के अतिरिक्त कमलेश सिंह, राजू रंजन सिंह, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

### अखंड नवधा रामायण का आयोजन अत्यंत शुभः गोपाल दास महाराज

धर्म एवं आध्यात्म की नगरी शिवरीनारायण में श्रीरामचरितमानस के 12वें वर्ष के अवसर पर नगर में अखंड श्री नवधा रामायण पाठ का शुभारंभ भव्यता के साथ हुआ। आयोजन से एक दिन पूर्व कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 300 से अधिक नारी शक्ति ने भाग लिया। कलश यात्रा नवधा रामायण मंच से बाजे-गाजे और जयघोष के साथ प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, ज्वेलर्स रोड, नर-नारायण मंदिर मार्ग से होते हुए बाबा घाट महानदी पहुंची। वहां मंत्रोच्चार और वैदिक विधि से पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इसके बाद पुनः कलश यात्रा रामघाट, अन्नपूर्णा मंदिर, केवट मंदिर, नटराज चौक, बॉम्बे मार्केट, अंबेडकर चौक, केरा चौक से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। द्वितीय दिवस की संध्या सत्र में देवरघटा धाम के संत शिरोमणि गोपाल दास महाराज एवं डॉक्टर राजेश्री महंत राम सुंदर महराज के मुख्य आतिथ्य में श्री नवधा रामायण का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नगर के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### श्रीरामचरितमानस का पाठ नगरवासियों के जीवन में मंगल और समृद्धि लाएगा

गोपाल दास महाराज ने कहा कि महानदी के तट पर बसे शिवरीनारायण में अखंड नवधा रामायण का आयोजन अत्यंत शुभ और पवित्र कार्य है। यह नगर रामायण काल से जुड़ा हुआ है — जहां श्रीराम जी का श्री शबरी माता से मिलन हुआ था। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस का पाठ नगरवासियों के जीवन में मंगल और समृद्धि लाएगा। डॉ. राजेश्री महंत राम सुंदर दास महाराज ने बताया कि अखंड नवधा रामायण का यह धार्मिक आयोजन पूरे नगर के लिए गौरव का विषय है। भगवान श्रीरामचंद्र की अविरल कथा, भजन और संकीर्तन नौ दिनों तक दिन-रात निरंतर चलेगा।

**ये रहे उपस्थितः** अपने आशीर्वचन में राघवेंद्र सरकार और हनुमान जी महाराज की कृपा से सबके मंगल, धन-धान्य और सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना की कार्य पंडित आशुतोष द्विवेदी ने की इस अवसर पर प्रकाश (बिल्लू) बंसल, राधेश्याम सोनी, राजेंद्र यादव,निरंजन अग्रवाल, कार्तिक यादव,विनय अग्रवाल, डॉ. विश्वास, सीताराम यादव, अजय आदित्य, मिलाप राम साहू, हरिशंकर यादव, घनश्याम साहू, गंगाधर यादव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राजस्व मंत्री ने किया नव संकल्प 2024-25 संग्रह का विमोचन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**

तिल्दा-नेवरा में स्थानीय संकल्प साहित्य परिषद द्वारा संयोजित साझा साहित्य संग्रह नव संकल्प 2024-25 पुस्तक का विमोचन व्हा आयोजन रखा गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर जिला पंचायत सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला खुमान वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद उपस्थित रहे मंत्री टंकराम वर्मा ने पुस्तक के संपादक द्वारा अशोक चौधरी जलक्षत्री और कैलाश शर्मा को यह उत्कृष्ट साहित्य संग्रह करने की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गई और कहा कि साहित्य इसी तरह आगे बढ़ते रहे हैं तिल्दा नेवरा का नाम उजगार होते रहे।

वही रायपुर जिला पंचायत सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल ने कहा कि साहित्य से लोगों के मनोभाव की दिशा और दशा बदलती है। देश के आजादी में भी साहित्यकारों की लेखनी ने युवाओं में जोश भरा और राष्ट्र हित के लिए स्वयंसेवक बनकर अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। इसी प्रकार सकारात्मक साहित्यकारों की भूमिका आधुनिक युग में बहुत जरूरी हैं। यह आर्योजन साहित्य प्रेमियों और रचनाकारों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला खुमान वर्मा ने पुस्तक के संपादकों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

**ये रहे उपस्थित_** इस अवसर पर उपाध्यक्ष चोवाराम बादल, कोषाध्यक्ष यशवंत वर्मा, सचिव टापलाल वर्मा, सहसचिव मोहन लाल वर्मा, सदस्यगण सुभाष शर्मा, उमाशंकर यदु, रोशन देवांगन, कमलेश विश्वकर्मा, ईश्वर जोशी, मनीराम तुरकाने, अशोक कुमार दास, चंद्रहास सेव, कौशल कुमार साहू, अभिमन्यु प्रसाद वर्मा, जितेन्द्र निर्मलकर, जितला आदि उपस्थित थे।

## शुक्ला कॉलोनी में अहाता तक बनेगी सीसी रोड, किया भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा**

- स्व. राधेश्याम शर्मा के बंगले से शुक्ला कॉलोनी अहाता तक बनेगी 9.39 लाख की सड़क

नगर में गौरी भृगु के घर के सामने, 9.39 लाख की लागत से निर्मित होने वाले स्व.राधेश्याम शर्मा के बंगले से शुक्ला कॉलोनी के आहता तक सीसी रोड निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भूमिपूजन कर सड़क निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर क्षेत्रवासी, गणमान्य नागरिक और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। उन्होंने सड़क निर्माण के महत्व और नगर के सामुदायिक विकास में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। इस सड़क के निर्माण से नगरवासियों को सुविधाजनक आवागमन, शहरी सौंदर्य और सामुदायिक समृद्धि का लाभ मिलेगा।



यह भूमि पूजन न केवल सड़क निर्माण की शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि नगर के विकास और आने वाले कल को और भी उज्ज्वल, सुंदर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर का सतत विकास हमारी प्राथमिकता है।

इस सड़क के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा। यह कार्य जनता के सहयोग और विश्वास से ही संभव हुआ है। वहीं नपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं। यह सीसी रोड नगर की सुंदरता और सुविधा दोनों को बढ़ाएगा। हमारा लक्ष्य है कि भाटापारा को स्वच्छ, व्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एवं सभापति कुंजराम कोशले, पार्षद बंटी टंडन ,जिलाउपाध्यक्ष सुनील यदु,मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत उमराव रात्रे,अशोक साहू, फिरतु साहू, उत्तम साहू,आनंद साहू, खिलावन साहू, प्रदीप बंजारे,पुरुषोत्तम साहू , कुलेश्वर, प्रेम,नीरा साहू आयेशा खान तनुजा धृतलहरे अंजनी जायसवाल शकुन ध्रुव गीता अग्रवाल, गौरी भृगु,उमाशंकर वर्मा, अजीत निषाद, गोपी ध्रुव, हेमंत भृगु , बाघमार, विकास शर्मा छोटू रात्रे एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## तहसील साहू संघ सोनाखान के अध्यक्ष बने किशोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल**

प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ क्रे निर्देशानुसार, जिला साहू संघ बलौदाबाजार क्रे मार्गदर्शन से आज तहसील साहू संघ सोनाखान का निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कि तहसील साहू संघ सोनाखान क्रे अध्यक्ष क्रे रूप में दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था जिसमें प्रतिष्ठित व्यापारी थरगांव निवासी माखन साहू एवं समाज क्रे अनेक पदों में लम्बा अनुभव रखने डुमरपाली निवासी किशोर साहू क्रे बिच निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हुई जिसमें किशोर साहू को अध्यक्ष सहित उनके पुरे पैनल कि जीत हुई।



निर्वाचन उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशोर साहू ने मिडिया को बताया कि समाज क्रे चुनाव में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जिन्होंने भी मेरा सहयोग प्रदान किया है, मै उन सभी सामजिक बंधुओ का आभारी हूं, साथ हीं प्रत्येक समाजिक बंधुओ का मै ऋणी हूं जिन्होंने मुझे यह महत्वपूर्ण व बड़ी जिम्मेदारी क्रे निर्वहन करने का दायित्व दिया है। हमारा समाज एकता, अखंडता व भाईचारे क्रे साथ प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति करें आगे बढ़े मै इस दिशा में कार्य करने का प्रयास सभी क्रे सहयोग से करूंगा कहते हुए पुनः सभी समाजिक बंधुओ का आभार प्रकट किया।

## दिल्ली की दो नई फ्लाइट ट्रेक पर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच एयर इंडिया और इंडिगो की दो नई फ्लाइट रविवार से ट्रेक पर आ गई हैं। पहली उड़ान के दौरान एयर इंडिया के विमान में 65 यात्री आए और 82 रवाना हुए। इंडिगो की फ्लाइट में 67 यात्री यहां पहुंचे और 72 ने वापसी के लिए उड़ान भरी। इन दोनों फ्लाइट के बाद दोनों शहरों के बीच नियमित रूप से आठ फ्लाइट का संचालन किया जाएगा। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अभी दर्जनभर शहरों के लिए विमान का संचालन किया जाता है। इसमें दिल्ली एकमात्र ऐसा शहर है, जहां के लिए नियमित रूप से आठ फ्लाइट आवाजाही करती हैं। इसमें घरेलू उड़ान में नंबर-1 रहने वाली इंडिगो की 5 और एयर इंडिया की 3 फ्लाइट हैं। रायपुर से दिल्ली के बीच सफर करने वालों को सुबह से लेकर रात तक विमानों की सुविधा मिल रही है। रविवार को एयर इंडिया की नई फ्लाइट दोपहर 12.10 बजे 65 यात्रियों को लेकर रायपुर के लिए रवाना हुई।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को
बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट, मारो में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड, सुंदर नगर
चाचा प्रॉपर्टी के नीचे, बेमेतरा
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

## परिक्षेत्र साहू समाज बुड़ेरा-खरोरा की नई कार्यकारिणी घोषित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**

परिक्षेत्र साहू समाज बुड़ेरा–खरोरा का निर्वाचन सम्पन्न होने के बाद समाज की शेष कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। मनोनयन प्रक्रिया में समाज के वरिष्ठ जनों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में नई टीम का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान योगेश कुमार साहू (बुड़ेरा) को अध्यक्ष एवं मिथलेश साहू (परसदा) को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। वहीं मनीराम साहू (घिवरा) को संरक्षक तथा रामाधार साहू (खरोरा) को न्याय प्रकोष्ठ संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई।



समाज की नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति संरक्षक मनीराम साहू (घिवरा), न्याय प्रकोष्ठ संयोजक रामाधार साहू (खरोरा), अध्यक्ष योगेश कुमार साहू (बुड़ेरा),कार्यकारी अध्यक्ष मिथलेश साहू (परसदा), वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुघ्न साहू (फरहदा), उपाध्यक्ष दसरथ साहू (कुम्हारी),महिला उपाध्यक्ष लक्षणी साहू (घिवरा), सचिव भेखलाल साहू (नहरडीह), सहसचिव रोहित साहू (मटियाडीह), संयुक्त सचिव पूरण साहू (बरोंडा), संयुक्त सचिव (महिला) उषा साहू (बिठिया), कोषाध्यक्ष नरेंद्र साहू (नहरडीह), संगठन सचिव मनोज साहू (फरहदा), महिला संगठन सचिव बिमला साहू (कठिया), अंकेक्षक पूनम साहू (घिवरा),मुख्य सलाहकार गुहाराम साहू (नहरडीह), चयनित पदाधिकारियों को समाजजनों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी समाज की एकता, प्रगति एवं सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत रहेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411